भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1749#
गुरूवार, 3 अगस्त, 2023/12 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ग्रामीण पर्यटन की अपार संभावना

1749# डा. सुमेर सिंह सोलंकी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि भारत जैसे विकासशील देश में ग्रामीण पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या भविष्य में ऐसी कोई योजना चलाए जाने की संभावना है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): ग्रामीण पर्यटन सहित पर्यटन का संवर्धन और विकास, मुख्यतः राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है।

तथापि, देश में ग्रामीण पर्यटन की अपार संभावनाओं को पहचानते हुए पर्यटन मंत्रालय ने भारत में ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए एक राष्ट्रीय कार्यनीति और रोडमैप तैयार किया है जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक पहल है। रणनीति दस्तावेज निम्नलिखित प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित है:

i. ग्रामीण पर्यटन के लिए आदर्श नीतियां और सर्वोत्तम प्रथाएं
ii. ग्रामीण पर्यटन के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियां और मंच
iii. ग्रामीण पर्यटन के लिए क्लस्टरों का विकास
iv. ग्रामीण पर्यटन के लिए विपणन सहायता
v. हितधारकों का क्षमता निर्माण
vi. शासन और संस्थागत ढांचा

पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के तहत पर्यटन संबंधी अवसंरचना विकास के लिए ग्रामीण परिपथ को थीमेटिक परिपथों में से एक के रूप में अभिज्ञात किया गया था। ग्रामीण पर्यटन परिपथों के लिए संस्वीकृत और जारी की गई निधियों का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

****

अनुबंध

ग्रामीण पर्यटन की अपार संभावना के संबंध में दिनांक 03.08.2023 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 1749# के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

देश में स्वदेश दर्शन योजना के ग्रामीण परिपथ के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(राशि करोड़ ₹ में)

क्र.सं.	राज्य का नाम	वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
1.	बिहार	(2017-18)	गांधी परिपथ: भितिहरवा-चंद्रहिया-तुरकौलिया का विकास	44.27	39.96
2.	केरल	(2018-19)	मलानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	57.35	30.98
			कुल	**101.62**	**70.94**

****